भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-2396
उत्तर देने की तारीख-03/08/2026

आंध्र प्रदेश में पीएम पोषण योजना

†2396. **श्री केसिनेनी शिवनाथ:**
क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश में पोषण योजना के अंतर्गत शामिल स्कूलों की जिला-वार कुल संख्या कितनी है;
(ख) क्या योजना की निगरानी के लिए जिला स्तरीय छान-बीन समितियां गठित की गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) आंध्र प्रदेश राज्य में जिला स्तरीय छान-बीन समिति द्वारा एक वर्ष में आयोजित बैठकों की जिला-वार संख्या कितनी है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) पिछले पांच वर्षों के दौरान इस योजना के कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई धनराशि का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (घ): शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची का भाग है और अधिकांश सरकारी स्कूल और स्कूल बोर्ड राज्य सरकार और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के अंतर्गत आते हैं। पीएम पोषण योजना राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासन के साथ साझेदारी में कार्यान्वित की गई है। बाल वाटिका (कक्षा 1 से ठीक पहले) और सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के कक्षा I से VIII तक पढ़ने वाले सभी बच्चों को गर्म और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने की समग्र जिम्मेदारी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की होती है।

आन्ध्र प्रदेश राज्य सरकार ने पोषण योजना के अंतर्गत शामिल किए गए स्कूलों की जिलावार कुल संख्या तथा जिला संचालन सह निगरानी समितियों (एसएमसी) वाले जिलों और एसएमसी द्वारा आयोजित बैठकों की संख्या की सूचना दी है जो **अनुलग्नक** में दी गई है।

आंध्र प्रदेश राज्य को पिछले पांच वर्षों के दौरान योजना के कार्यान्वयन के लिए भारत सरकार द्वारा जारी की गई वर्ष-वार निधियां निम्नानुसार है:

क्र.सं.	वित्त वर्ष (वि.व.)	जारी की गई निधियां (रुपये लाख में)
1.	2021-22	35731.48
2.	2022-23	36531.92
3.	2023-24	25342.88
4.	2024-25	23907.01
5.	2025-26	25026.64

*****

अनुलग्नक

माननीय संसद सदस्य श्री केसिनेनी शिवनाथ द्वारा आंध्र प्रदेश में पीएम पोषण योजना के संबंध में दिनांक 03.08.2026 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2396 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

आंध्र प्रदेश राज्य में स्कूलों और बैठकों की जिलेवार संख्या

क्र. सं.	जिले का नाम	स्कूलों की कुल संख्या	जिला एसएमसी द्वारा आयोजित बैठकों की संख्या (2025-26)
1	श्रीकाकुलम	2534	5
2	पार्वतीपुरम मान्यम्	1485	4
3	विजयनगरम	1718	4
4	विशाखापत्तनम	580	2
5	अल्लूरी सीताराम राजू	2679	1
6	अनकापल्ली	1396	2
7	काकीनाडा	1246	2
8	पूर्वी गोदावरी	972	2
9	कोनासीमा	1551	2
10	एलुरु	1709	2
11	पश्चिम गोदावरी	1383	1
12	कृष्ण	1331	2
13	एनटीआर	883	2
14	गुंटूर	1049	2
15	पालनाडु	1503	3
16	बापतला	1382	1
17	प्रकाशम	2293	1
18	एसपीएसआर नेल्लोर	2490	2
19	तिरुपति	2208	1
20	चित्तूर	2382	2
21	अन्नमय्या	2092	1
22	वाईएसआर कडपा	1924	2
23	श्री सत्य साईं	1982	2
24	अनंतपुर	1675	1
25	कुरनूल	1417	2
26	नंदयाला	354	1